आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.09.2025 / 9.20 बजे

आकाशवाणी शिमला

प्रादेशिक समाचार

केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री अजय टमटा ने कल कुल्लू में आपदा प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। अजट टमटा ने कहा कि प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान को लेकर केंद्र सरकार पूरी तरह गंभीर है और हरसंभव मदद कर रही है। इस दौरान उन्होंने प्रभावित इलाकों में हुए नुक्सान की पूरी रिपोर्ट तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए ताकि राहत व पुनर्वास कार्यों को गति मिल सके।

सेवा और सुशासन

सेवा और सुशासन, अर्थात जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज सेवा पर्व की इस विशेष श्रृंखला में हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार हमारे पर्यावरण और जैव विविधता में सकारात्मक बदलाव लेकर आई है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि सहकारी समितियों को प्रदेश में जमीन खरीदने के लिए धारा 118 की अनुमति में रियायत देने पर सरकार विचार करेगी। शिमला में दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन के समापन समारोह में उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और छोटी जोत के बावजूद हिमाचल प्रदेश में सहकारी संस्थाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

दूरदर्शन स्थापना दिवस

दूरदर्शन आज अपनी शानदार यात्रा के 66 वर्ष पूरे कर रहा है। भारत में 15 सितंबर 1959 में दूरदर्शन से प्रसारण युग का शुभारंभ हुआ था। पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने आज के ही दिन पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था। 1975 तक दूरदर्शन आकाशवाणी का ही एक हिस्सा था। बाद में 1 अप्रैल 1976 को यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय के एक अलग विभाग के रूप में सामने आया। आज, दूरदर्शन स्टूडियो और ट्रांसमीटरों के विशाल नेटवर्क के साथ भारत की सबसे बड़ी प्रसारण संस्था है।

मौसम

प्रदेश के कुछ जिलों में मानसून की वर्षा का क्रम आज भी जारी है। भारी वर्षा व भू स्खलन के कारण अभी भी सामान्य जनजीवन पटरी पर नहीं लौटा है। मौसम विभाग ने आज से 20 सितंबर तक मानसून की रफतार धीमी पड़ने और अधिकतर क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं विमल नेगी मौत केस में सी बी आई ने की पहली गिरफतारी। अमर उजाला ने लिखा है सबूतों के साथ छेड़छाड़ के आरोप में निलंबित ए एस आई पंकज गिरफतार।

मौसम की खबर को पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है चंबा–भरमौर एन एच धंसा, गाड़ियां गिरीं, कुल्लू में मलबे में फंसे 5 लोग रैस्क्यू।

आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है इस साल हिमाचल में शिक्षा पर खर्च होंगे 9 हजार 8 सौ 49 करोड़।

———————————